मेरे गुण अवगुण को पलड़े में न तोलो तो अच्छा होगा

मेरे गुण अवगुण को पलड़े में,
न तोलो तो अच्छा होगा
मेरे सिर पे गगरिया पापो की-2
न खोलो तो अच्छा होगा
मेरे गुण अवगुण.............

कितने वादे करके हे भगवन-2
पाया तुझसे मानव का तन-2
मैने वो निभाए है के नही-2
न वोलो तो अच्छा होगा-2
मेरे गुण अवगुण...........

मेरे पापो का मेरे पुण्यो का-2
अच्छे या बुरे सब कर्मो का -2
है तेरे पास हिसाव मगर-2
न जोड़ो तो अच्छा होगा-2
मेरे गुण अवगुण..............

न सेवा की न पूजा की-2
फिर भी तुमसे है आस लगी-2
छोड़ो ये झूटा भटम सही -2
न तोड़ो तो अच्छा होगा-2

मेरे गुण अवगुण को पलड़े में,
न तोलो तो अच्छा है
मेरे सर पे गगरिया पापो की ,
न खोलो तो अच्छा है
मेरे गुण अगगुण.................

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33706/title/Mere-gun-abgun-ko-palde-me-na-tolo-to-acha-hoga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |